प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

आज़ादी का अमृत महोत्सव

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai-400001 फोन/Phone: 022- 22660502

30 अगस्त 2023

# वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही के दौरान निजी कॉर्पोरेट कारोबार क्षेत्र का कार्य-निष्पादन

आज, भारतीय रिज़र्व बैंक ने वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही के दौरान निजी कॉर्पोरेट क्षेत्र के कार्य-निष्पादन से संबंधित आंकड़े जारी किए, जो 2,836 सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों के संक्षिप्त तिमाही वित्तीय परिणामों से लिए गए हैं। वर्ष 2022-23 की पहली तिमाही और 2022-23 की चौथी तिमाही के आंकड़े भी तुलना करने के लिए प्रस्तुत (वेब-लिंक https://dbie.rbi.org.in/DBIE/dbie.rbi?site=statistics#!2_42) किए गए हैं।

***मुख्य बिंदु***

***बिक्री***

- सूचीबद्ध निजी गैर-वित्तीय कंपनियों की बिक्री संवृद्धि (वर्ष-दर-वर्ष) 2023-24 की पहली तिमाही में पिछली तिमाही के 8.0 प्रतिशत और एक वर्ष पहले के 41.0 प्रतिशत से घटकर 2.1 प्रतिशत रह गई (तालिका 1ए)।
- 2023-24 की पहली तिमाही के दौरान, 1,712 सूचीबद्ध निजी विनिर्माण कंपनियों की सकल बिक्री 2022-23 की पहली तिमाही के अपने स्तर के आसपास रही, जब इसने 41.6 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) की उच्च संवृद्धि दर्ज की थी; तिमाही के दौरान फार्मास्यूटिकल्स, सीमेंट, इलेक्ट्रिकल मशीनरी और मोटर वाहनों में उच्च बिक्री पेट्रोलियम, रसायन, अलौह धातुओं और वस्त्रों की बिक्री में संकुचन से समायोजित (ऑफसेट) हुई (तालिका 2ए और 5ए)।
- सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र की बिक्री, जिसमें वित्त वर्ष 2021-22 और 2022-23 की पहली छमाही तक की छह तिमाहियों के दौरान 19.5-21.4 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) की सीमा में उच्च संवृद्धि दर्ज की गई थी, में नवीनतम तीन तिमाहियों के दौरान कमी दर्ज की गई; 2023-24 की पहली तिमाही के दौरान इसकी बिक्री में पिछली तिमाही में 16.0 प्रतिशत संवृद्धि की तुलना में 10.9 प्रतिशत संवृद्धि दर्ज की गई (तालिका 2ए)।
- गैर-आईटी सेवा कंपनियों की बिक्री में भी 2022-23 की चौथी तिमाही के दौरान 20.5 प्रतिशत की संवृद्धि (वर्ष-दर-वर्ष) की तुलना में 4.5 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) की न्यूनतर संवृद्धि दर्ज की; दूरसंचार,

परिवहन और संचार, होटल और रेस्तरां और आतिथ्य गतिविधियों ने उच्चतर राजस्व जुटाया, तथापि, यह थोक और खुदरा व्यापार क्षेत्रों के लिए कम रहा (तालिका 2ए और 5ए)।

**व्यय**

- बिक्री में कमी और निविष्टि लागत दबाव में कमी के अनुरूप, वार्षिक और क्रमिक दोनों आधार पर विनिर्माण व्यय में संकुचन आया (तालिका 2 ए)।
- विनिर्माण, आईटी और गैर-आईटी सेवा कंपनियों के लिए स्टाफ लागत में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर क्रमशः 10.2 प्रतिशत, 13.0 प्रतिशत और 16.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई; व्यापक क्षेत्रों में कर्मचारियों की लागत और बिक्री के अनुपात में भी बढ़ोतरी हुई (तालिका 2बी)।

***ब्याज***

- ब्याज व्यय में कतिपय वृद्धि के साथ, विनिर्माण कंपनियों का ब्याज व्याप्ति अनुपात[1] (आईसीआर) 2023-24 की पहली तिमाही के दौरान घटकर 6.8 रह गया, जो पिछली तिमाही में 7.4 और एक वर्ष पहले 8.3 था; गैर-आईटी सेवा कंपनियों का आईसीआर लगातार तीसरी तिमाही में एक से अधिक रहा, जबकि आईटी क्षेत्र के लिए अनुपात 44.5 पर अत्यधिक पर्याप्त रहा (तालिका 2बी)।

***कीमत निर्धारण क्षमता***

- आईटी और गैर-आईटी सेवा कंपनियों के लिए परिचालन लाभ में क्रमशः 10.5 प्रतिशत और 37.3 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) की वृद्धि हुई, जबकि विनिर्माण कंपनियों के लिए इसमें 0.9 प्रतिशत की गिरावट आई (तालिका 2ए)।
- 2023-24 की पहली तिमाही में विनिर्माण, आईटी और गैर-आईटी क्षेत्रों का परिचालन लाभ मार्जिन क्रमशः 14.0 प्रतिशत, 21.9 प्रतिशत और 23.7 प्रतिशत रहा (तालिका 2बी)।

**तालिकाओं की सूची**

<table>
<tr><th colspan="2">तालिका सं.</th><th colspan="2">शीर्षक</th></tr>
<tr><td rowspan="2">1</td><td>ए</td><td rowspan="2">सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों का कार्यनिष्पादन</td><td>संवृद्धि दर</td></tr>
<tr><td>बी</td><td>चयनित अनुपात</td></tr>
<tr><td rowspan="2">2</td><td>ए</td><td rowspan="2">सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों का कार्यनिष्पादन – क्षेत्र-वार</td><td>संवृद्धि दर</td></tr>
<tr><td>बी</td><td>चयनित अनुपात</td></tr>
<tr><td rowspan="2">3</td><td>ए</td><td rowspan="2">चुकता पूंजी के आकार के अनुसार सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों का कार्यनिष्पादन</td><td>संवृद्धि दर</td></tr>
<tr><td>बी</td><td>चयनित अनुपात</td></tr>
<tr><td rowspan="2">4</td><td>ए</td><td rowspan="2">बिक्री के आकार के अनुसार सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों का कार्यनिष्पादन</td><td>संवृद्धि दर</td></tr>
<tr><td>बी</td><td>चयनित अनुपात</td></tr>
</table>

[1] आईसीआर (अर्थात्, ब्याज से पहले की आय और ब्याज व्यय पर कर का अनुपात) एक कंपनी की ऋण सेवा क्षमता का एक उपाय है। व्यवहार्य आईसीआर के लिए न्यूनतम मूल्य 1 है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 5 | ए | उद्योग के अनुसार सूचीबद्ध गैर-सरकारी गैर-वित्तीय कंपनियों का कार्यनिष्पादन | संवृद्धि दर |
| | बी | | चयनित अनुपात |
| व्याख्यात्मक टिप्पणियां | | | |
| शब्दावली | | | |

**नोट**:

- विभिन्न तिमाहियों में कंपनियों का कवरेज, परिणामों की घोषणा की तारीख के आधार पर भिन्न होता है; तथापि, इससे समग्र स्थिति में महत्वपूर्ण परिवर्तन की आशा नहीं है।
- संकलन पद्धति, और शब्दावली (पिछली रिलीज़ से भिन्न संशोधित परिभाषाओं और गणनाओं सहित) का विवरण देने वाले व्याख्यात्मक नोट संलग्न हैं।

**अजीत प्रसाद**
निदेशक (संचार)

**प्रेस प्रकाशनी: 2023-2024/838**